## मेष



चू, चे, चो, ला,
ली, लू, ले, लो, अ

**01 से 06 जनवरी तक**-आरम्भ कष्टप्रद है। जीवन में अशांति रहेगी। पेट संबंधी तकलीफें परेशान करेंगीं। संतान को लेकर आप बहुत ज्यादा भावुक हो सकते है। कुछ समय के लिये अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होगा। स्थानांतरण का योग बन रहा है, जो लाभदायक होगा। अपने आधुनिक दृष्टिकोण के बल पर व्यवसाय में आये व्यवधानों से पार हो पायेंगे।

**07 से 13 जनवरी तक**-प्रोफेशनल स्तर पर आपको इच्छित फल प्राप्त होंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यो को रोक कर रखें, समय अनुकूल होने पर कार्य सिद्धि स्वतः हो जायेगी। आपकी कोई कीमती वस्तु चोरी हो सकती है। दुविधा के कारण अनिर्णय की स्थिति बन सकती है। विवादों में समय न गवायें। सभी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिये अपार सफलता का दौर रहेगा।

**14 से 20 जनवरी तक**-सरकारी कर्मचारियों के लिये लाभकारी समय है। मनोनुकूल कार्य के होने की संभावना अधिक है। जीवन के प्रति अत्यधिक व्यवहारकुशल होंगे। आपका प्रेम प्रसंग शुरू हो सकता है, नकारात्मकता अधिक रहेगी। किसी भी कार्य का परिणाम आपकी सोच के प्रतिकूल प्राप्त होगा। चित्त की चंचलता एवं अति आत्मविश्वास से बड़ी परियोजनाओं से निराश होना पड़ सकता है। दस महाविद्या सम्पूर्ण आरोग्यता सर्वस्व सुख प्राप्ति दीक्षा ग्रहण करें, धन लाभ के साथ आपके पक्ष में वातावरण निर्मित होगा।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1500/-

**21 से 31 जनवरी तक**-आपने अभी तक जो भी निवेश किये है, उसमें आशातीत लाभ की स्थिति बनेगी। कार्यक्षेत्र या घरेलू कार्यों में मेहनत करनी पड़ सकती है। यात्रा के योग हैं।

शुभ तिथियां 01, 04, 06, 24

## वृषभ



ई, ऊ, ए, ओ, वा
वी, वू, वे, वो

**01 से 06 जनवरी तक**--वर्ष का आरम्भ आपके लिये नई खुशियां, उमंग, उल्लास से भरा रहेगा। कुछ अच्छा व नया करने की चाह मन में रहेगी। नौकरी में सफलता प्राप्त होगी। कार्य स्थान पर आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। विरोध करने वाले समर्थन प्रदान करेंगे।

**07 से 13 जनवरी तक**-काम बेहतर चलेगा, नये कार्य प्रारम्भ होंगे। अध्ययनरत बच्चों के लिये ज्ञान प्राप्ति का समय है। परीक्षा की तैयारी अच्छी रहेगी एवं सहयोग भी प्राप्त होगा। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करेंगे। जीवन साथी से सुख प्राप्त होगा। इस समय आप अपने स्वास्थ्य पर ध्यान रखे

**14 से 20 जनवरी तक**-इस सप्ताह प्रगति के जबर्दस्त योग है, योजनायें सफल होंगी एवं संपति से लाभ प्राप्त होगा। कोर्ट-कचहरी के कार्यों में स्थितियां दृढ़ एवं मजबूत होंगी। गृहिणियां आदर्शवान एवं दक्ष साबित होंगी। युवा वर्ग अपने मन को काबू में रखते हुये सही लाइन पर चले तो ही बेहतर है, युवाओं का मार्ग भटकना इस समय संभव है, बहुत ही अधिक सूझ-बूझ से कार्य, क्रोध पर पूरी तरह नियंत्रण करे, अन्यथा भीषण फसाद हो सकता है, बेहतर होगा युवा वर्ग इस समय सुज्ञान चेतना भाग्योदय अष्टलक्ष्मी सिद्धि दीक्षा ग्रहण करें।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800/-

**21 से 31 जनवरी तक**-ज्ञानवर्द्धक सामान्य दिवस रहेगा। अनिद्रा की समस्या रहेगी। नौकरी में अधिकारी सहयोग करेंगे। अनजान लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। अपना कार्य स्वयं के बलबूते पर पूर्ण करने का प्रयास करें। अपनी भावनाओं व गुस्से पर नियंत्रण रखे, अन्यथा आपके लिये बहुत घातक साबित होगा।

शुभ तिथियां 02,06,09,31

## मिथुन



का, की, कू, घ, ङ
छ, के, को, है

**01 से 06 जनवरी तक**-आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। समाज में आपकी इज्जत बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे तथा सरकारी कामकाज आसानी से निपटेंगे, नये मकान पर निवेश कर सकते हैं। अच्छा योग है, मध्य में थोड़ा चिंताकारी समय है। मन विचलित रहेगा। आय में कमी के साथ चिंता बढ़ेगी।

**07 से 13 जनवरी तक**-जीवन साथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। प्रेम प्रस्तावों को टालें। मित्रों की सहायता से अध्ययन संबंधी कार्य आसानी से बन जायेंगे। आकस्मिक लाभ की प्राप्ति होगी। समय मानसिक संतोषकारी रहेगा। आप पुरानी चली आ रही बीमारी से छुटकारा प्राप्त करने हेतु सर्व बाधा निवारक लावण्यता प्राप्ति त्रिकालदर्शी दीक्षा ग्रहण करें, जिससे आपकी प्रतिकूल परिस्थितियां अनुकूल बनेगी।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 1800/-

**14 से 20 जनवरी तक**-आप बहुत अधिक परेशानी अनुभव करेंगे। यह वह समय है, जब आपको अपने और पराये में भेद महसूस होगा। पेट संबंधी शिकायत हो सकती है, प्रतियोगिता परिक्षाओं की तैयारी कर रहे जातको को और अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता है। पूरा ध्यान अपनी पढ़ाई तथा तैयारी पर लगाना उपयुक्त होगा।

**21 से 31 जनवरी तक**-समय अति कष्टकारी रहेगा। भाइयों के मध्य बोलचाल या विवाद गहरायेगा। सास-बहू में अनबन हो सकती है। कारोबार या घरेलू मुद्दों में आप कोई गलत निर्णय ले सकते हैं। मध्य में बिगड़ते कामों में सुधार की संभावना है, इस समय कुछ लोग आपकी टांग खींच सकते हैं। संयम बनाये रखे, उलझे नहीं।

शुभ तिथियां 04,08,10,29

## कर्क



ही, हू, हे, हो, डा,
डी, डू, डे, डो

**01 से 06 जनवरी तक**-वर्ष का पहला सप्ताह बहुत ही शानदार साबित होगा। वर्ष की शुरूआत होते ही आपको धन की प्राप्ति होगी। आपके अटके कार्य पूरे होंगे। घर-परिवार में वातावरण शांतिदायक रहेगा। आपके कार्य की जमकर सराहना होगी। घर के बुजुर्ग आपका मार्गदर्शन करेंगे, अंतिम दिन को छोड़कर वर्ष का आरम्भ शानदार होगा।

**07 से 13 जनवरी तक**-आपको महसूस होगा कि जीवन निराशादायक है, आप तनाव, नकारात्मक चिंतन से ग्रस्त हो सकते है, जिससे आप बहुत दु:खी हो जायेंगे। पढ़ाई करने वाले जातकों के लिये समय अति शुभ है। ज्ञान में वृद्धि होगी। आप सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे। दाम्पत्य जीवन में मधुरता का रसमय वातावरण बनेगा।

**14 से 20 जनवरी तक**-इस सप्ताह किसी भी दस्तावेज पर बिना सोचे-समझे हस्ताक्षर नहीं करें। गाड़ी सावधानी पूर्वक चलायें। पैरो में चोट लग सकती है। अभी उधार देने व लेने से बचे। परिवार में गलत फहमियों के चलते झगड़ा हो सकता है।

**21 से 31 जनवरी तक**-यह सप्ताह संतान की शिक्षा, विवाह, कैरियर से संबंधित कार्यों में बाधायें उत्पन्न करेगा, समाजिक मान-सम्मान में ह्रास होगा, बेटी के ससुराल से तरह-तरह की शिकायतों से अनेक समस्याओं का जन्म होगा, संयम सावधानी से कार्य बरतें, सम्बन्ध और सामाजिक रिश्ते बेहतर बनाने का पूरा प्रयास करें, बेहतर होगा आप अपनी बच्ची को दस महाविद्या सम्पूर्ण आरोग्यता सर्वस्व सुख प्राप्ति दीक्षा दिलावें जिससे उसके जीवन में अनुकूल स्थितियों का निर्माण होगा और मान सम्मान, अपनापन आत्मिक लगाव बढ़ेगा। दीक्षा न्यौछावर ₹ 1500/-

शुभ तिथियां 04,12,16,25

## सिंह



म, मी मे, मो,
टा, टी, टू, टे

**01 से 06 जनवरी तक**-रूपयों-पैसों की आवक होगी। योजनाबद्ध तरीके से कोई भी काम यदि आप करेंगे, तो उसमें आपको सफलता मिलेगी ही, उसमें कोई दो राय नहीं है। विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। जीवन साथी से संबंध सुधरेंगे। प्रेमी-प्रेमिका के संबंधों में मजबूती आयेगी। शरीर में थोड़ा आलस्य विद्यमान रहेगा।

**07 से 13 जनवरी तक**-रोजी-रोजगार में अकारण अवरोध व रूकावटें आयेंगी। काम बनता-बनता रूक जायेगा। इस समय आर्थिक हानि व नुकसान के प्रबल योग बने हुये है। किसी रिश्तेदार से संबंधित कोई अप्रिय या अशुभ समाचार प्राप्त होंगे। अहंकार में आकर आप किसी को बुरा-भला कह देंगे, जिससे वह आपका शत्रु बन जायेगा। आपके अपने लोग ही आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं। शरीर में थकान व आलस्य का भाव रहेगा। व्यावसायिक प्रतिद्वन्द्वियों से आपको चुनौतियां प्राप्त होंगी, मिला-जुला कर यह सप्ताह भयंकर ग्रहों से पीड़ित है, आपको विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आप सूर्य विकर्तन सर्वसुख प्राप्ति दीक्षा ग्रहण करें, जिससे जीवन में जो भी तंत्र स्वरूप में दोष है, उनसे मुक्ति मिलेगी और आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। दीक्षा न्यौ. ₹ 2100/-

**14 से 20 जनवरी तक**-लोग आपको किसी के विरूद्ध भड़कायेंगे, परंतु अपनी बुद्धि व विवेक का उपयोग करें। काम में की गई लापरवाही के परिणाम घातक हो सकते है।

**21 से 31 जनवरी तक**-आप इस समय अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें, अन्यथा आप किसी बड़ी विपत्ति में फंस सकते है। खान-पान का ध्यान रखे, अन्यथा स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। धन लाभ के योग है।

शुभ तिथियां 03,07,26,30

## कन्या



टो, पी, पू, प, ष,
ण, ठ, पे, पो

**01 से 06 जनवरी तक**-मास का आरम्भ दु:खदायी रहेगा। व्यर्थ भटकना पड़ेगा। कुछ भी कार्य सही ढंग से पूरे नहीं होंगे। सुख-सुविधा में कमी आयेगी। चलते वाहन में खराबी होने से समय और धन दोनों खर्च होगा। स्वास्थ्य तो सही रहेगा, पर सावधानी बनाये रखे, प्रमोशन हो सकता है, यदि आपके द्वारा सही दिशा में प्रयास निरन्तर जारी रहें तो, आर्थिक क्षेत्र में सुधार लाने में आप सफल रहेंगे। कार्यक्षेत्र में परिस्थितियां प्रतिकूल रहेगी। आपको दस महाविद्या सम्पूर्ण आरोग्यता सर्वस्व सुख प्राप्ति दीक्षा ग्रहण करनी चाहिये, जिससे परिस्थितियां आपके अनुकूल होगी। दीक्षा न्यौ. ₹ 1500/-

**07 से 13 जनवरी तक**-आर्थिक क्षेत्र में किये गये प्रयास आशातीत फल प्रदान करेंगे। किसी ऐसे व्यक्ति से भेंट हो सकती है, जो आपके लिये काफी महत्त्वपूर्ण साबित होगा। समय सावधानी रखने योग्य है। अपने जीवन स्तर में सुधार लाने के लिये आय से अधिक खर्च करेंगे, जिससे बजट गड़बड़ायेगा।

**14 से 20 जनवरी तक**-यह सप्ताह मिश्रित फलकारी समय है। कामकाज में नये-नये प्रयोग आप अमल में लायेंगे। आपके लाभ में वृद्धि होगी। प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चो की तैयारी सुचारू रूप से चलती रहेगी।

**21 से 31 जनवरी तक**-समय बढ़िया है व्यावसायिक यात्रा से लाभ की प्राप्ति होगी। वर्तमान नौकरी, व्यवसाय आदि में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। लेकिन उन्हें प्राप्त करने के लिये व्यवस्थित ढंग से काम करना पड़ेगा। आप अपने स्वास्थ्य व खान - पान पर ध्यान दें। आपका अपने आपको वातावरण के अनुरूप परिवर्तित करना लाभदायक होगा।

शुभ तिथियां 02,07,11,13

## तुला



रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

01 से 06 जनवरी तक-वर्ष का आरम्भ ठीक-ठाक रहेगा। आप में दूसरों को आकर्षित करने की कमाल की शक्ति होगी। तनाव से बचें, अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें और अपनी आय के स्त्रोतों पर भी नजर रखें। अपने दुकान या कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी पर पैनी नजर रखें अन्यथा वे आपके आँखों के सामने ही आपको **नुकसान** पहुँचा सकते हैं। प्रतिस्पर्धा परीक्षा में सफलता के योग बन रहे है। आप अपने भावी लक्ष्य की तरफ अग्रसर होंगे। सुज्ञान चेतना भाग्योदय अष्टलक्ष्मी सिद्धि दीक्षा आपके लिये लाभकारी होगी। दीक्षा न्यौ. ₹ 1800/-

07 से 13 जनवरी तक-सामान्य समय है। मिश्रित फलों की प्राप्ति होगी। पड़ोसियों से सम्बन्धों में मधुरता आयेगी। काम में कोई खास तरक्की नहीं होगी। किन्तु आप भावी कामकाज की रूपरेखा जरूर तैयार करेंगे। नई परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढ़ालेंगे व अपनी कार्य क्षमता दोगुनी करने का प्रयास करेंगे। रूपयों -पैसों की आवक बढ़ेगी। मध्य में समय थोड़ा विपरीत है। अपना रूख नरम रखें तथा अनावश्यक **नोंक-झोंक**, विवाद तथा मुठभेड़ से दूर रहें। अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें।

14 से 20 जनवरी तक-प्रतिस्पर्द्धा में आपकी जीत होगी। कैरियर से जुड़े जातकों के लिये यह समय सुखद रहेगा। आपको मनचाही कामयाबी मिल सकती है। विवाह योग्य जातकों के विवाह योग भी प्रबल हैं।

21 से 31 जनवरी तक-सरकारी विजय सूचक दिवस रहेगा। मानसिक रूप से स्वयं को चिंता मुक्त महसूस करेंगे। भौतिक और आर्थिक रूप से आप प्रसन्न होंगे। आप लक्ष्य प्राप्ति के बहुत करीब होंगे। लम्बित मामले गति पकड़ेगे।

शुभ तिथियां 02,11,24,29

## वृश्चिक



लो, ना, नी, ने, नू, या, यी, यू

01 से 06 जनवरी तक-समय मध्यम फलकारी होगा, शुभ व अशुभ दोनों ही परिणाम मिलेंगे। कैरियर संबंधित बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, कष्ट व रोगों का दबाव बना रहेगा, कैरियर संबंधित कार्यों में सफलता हेतु सूर्य विकर्तन सर्वसुख प्राप्ति दीक्षा ग्रहण करें, जिससे आपके पक्ष में वातावरण तैयार होगा और श्रेष्ठ प्रयास से सफलता भी अर्जित करने में सफल होंगे।

दीक्षा न्यौछावर ₹ 2100/-

07 से 13 जनवरी तक-इस सप्ताह किसी सम्बन्धित या स्व परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना घटित हो रही है। पारिवारिक चिंता रहेगी, परिवार में तनाव रहेगा। परिवार के किसी सदस्य को लेकर मन में **चिंता की स्थिति** बनी रहेगी। आपका अपना कोई करीबी व्यक्ति आपके साथ विश्वासघात कर सकता है। जल्दबाजी में कोई निर्णय ना लें। सप्ताह के अन्त में परिवार में **भयंकर तनाव** का वातावरण बनेगा, संयम बरते।

14 से 20 जनवरी तक-पूर्व में जो परीक्षा आदि आपने दी है, उसका परिणाम न्यून ही रहेगा। जनवरी के मध्य कोर्ट-केस व सरकारी मामलों में जीत मिल सकती है, जिससे आत्मविश्वास व मनोबल में वृद्धि होगी। शादी - विवाह या अन्य किसी समारोह में भाग ले सकते है। आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी।

21 से 31 जनवरी तक-कोई बड़ा अवसर आपके हाथों से निकल सकता है। पति-पत्नी में आपसी तकरार व नोंक झोंक हो सकती है। आर्थिक पक्ष जस का तस बना रहेगा। उधार दिये हुये रूपये आपके इस समय प्राप्त होने की संभावना होगी। इस समय आपका स्वास्थ्य भी नरम रहेगा। इसलिये बाहर का खाना खाने में सावधानी रखें।

शुभ तिथियां 07,12,24,28

## धनु



ये, यो, भा, भी, धा, फा, ढा, भे

01 से 06 जनवरी तक-वर्ष का प्रारम्भ शानदार रहेगा। आपको कहीं से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आप अपने परिवार को हर संकट व परेशानी से सुरक्षित रखने का पूरा प्रयास करेंगे। आय बढ़ाने के लिये आप प्रयासरत रहेंगे। अविवाहितों के विवाह के प्रस्ताव आयेंगे। काम का भारी दबाव रहेगा। सप्ताह के अन्त में धन हानि के प्रबल योग बन रहे हैं। व्यापार में सोच-समझकर निवेश करें। धन हानि से बचने व अनेक बाधाओं पर विजय हेतु दस महाविद्या सम्पूर्ण आरोग्यता सर्वस्व सुख प्राप्ति दीक्षा ग्रहण करें। दीक्षा न्यौ. ₹ 1500/-

07 से 13 जनवरी तक-आप अपनी प्रतिभा, योग्यता और क्षमता का भरपूर इस्तेमाल कर सफलता अर्जित कर सकेंगे। जिससे कामकाज में व्यस्तता के साथ-साथ दबाव भी रहेगा, बुद्धिमत्ता व सूझ-बूझ से कुछ ऐसे निर्णय आप कर सकेंगे, जिससे लाभ में बढ़ोतरी होगी। अपनी क्षमता और कर्म शक्ति में निखार लाने हेतु नवग्रह मंत्र व गुरू मंत्र का 108-108 बार आहुति दें।

14 से 20 जनवरी तक-कोई आपके साथ गहरा **विश्वासघात** कर सकता है, सावधान रहें। पति-पत्नी में गलतफहमियां किसी तीसरे व्यक्ति के कारण बनेंगी। यदि आप नौकरी में है, तो अपनी जड़े मजबूत करें। अनुकूल समय का लाभ उठायें।

21 से 31 जनवरी तक-सप्ताह का आरंभ घटनाओं व विवाद से होगा। आर्थिक स्थिति व हालात कोई खास अच्छे नहीं रहेंगे। आपको विवादों व कहासुनी से बचना चाहिये। कलह का वातावरण रहेगा। कोई ऐसा काम भी हो सकता है, जिससे **बदनामी** या **कलंक** का टीका लग सकता है। सावधान रहें। जीवन में काफी हलचल होगी।

शुभ तिथियां 01,20,25,29

## मकर



भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, ग, गी

**01 से 06 जनवरी तक**-नये साल का प्रारम्भ अच्छा रहेगा। सरकारी क्षेत्र में फंसे कार्य गति पकड़ेगे। रिश्तेदारों व संबंधियों से सहयोग मिलेगा। समाज कल्याण व परोपकार से संबंधित कार्यो में रूचि रहेगी। परन्तु आर्थिक मामलों में पकड़ ढ़ीली रहेगी।

**07 से 13 जनवरी तक**-शत्रु व विरोधी हावी होंगे। कुछ गलत लोग आपको फंसाने की कोशिश कर सकते है। निवेश के दृष्टिकोण से लाभ योग है, व्यापार व व्यवसाय में हालात और स्थिति सुधरेगी।

**14 से 20 जनवरी तक**-आप अचानक किसी साजिश व षड़यंत्र का शिकार हो सकते है। आपके अपने लोग ही आपके लिये घातक हो सकते है, कार्यो में बाधायें आयेंगी, आपके इस सप्ताह कुछ भी सरल नहीं होगा, रूके हुये काम पूरी तरह बाधित हो सकते है। भवन संबंधी कार्य बीच में ही अटक जायेगा। आप दस महाविद्या सम्पूर्ण आरोग्यता सर्वस्व सुख प्राप्ति दीक्षा ग्रहण करें, जिससे आपके शत्रु पक्ष निस्तेज होंगे और जीवन में आ रही बाधाओं का निस्तारण हो सकेगा, साथ ही महाकाली की चेतना से मंगलता की प्राप्ति होगी। दीक्षा न्यौछावर ₹ 1500/-

**21 से 31 जनवरी तक**-पति-पत्नी में आपसी प्रेम व सहयोग बनेगा। एक-दूसरे के प्रतिद्वन्द्वी बनने की आवश्यकता नहीं है। घर व दफ्तर के कार्यो में आप उलझ कर रह जायेंगे। किसी रिश्तेदार या मित्र से संबंधित कोई अप्रिय या अशुभ समाचार मिल सकता है। पैसा आने से पहले जाने का रास्ता तैयार रहेगा। आपकी मेहनत व परिश्रम तो सार्थक रहेगा। परन्तु आकस्मिक खर्च से आप पीड़ित होंगे, मंगलवार को हनुमान जी को प्रसाद अर्पित कर दान करें जिससे आपको लाभ होगा।

शुभ तिथियां 01,20,26,29

## कुंभ



गु, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, द

**01 से 06 जनवरी तक**-वर्ष की शुरूआत सही नहीं है। प्रथम दो दिन चिन्ताकारी रहेंगे। स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। बनते कार्य में रूकावट की स्थिति रहेगी। आपके मन की इच्छा पूरी नहीं होने से मूड़ खराब रहेगा। ऋण के बोझ से मन व्यथित रहेगा। आर्थिक स्थिति आपको और अधिक कमजोर बनायेगी। जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं के लिये बहुत संघर्ष के बावजूद संतोषजनक परिणाम नहीं मिलेगा, आपके लिये बेहतर होगा, आप सूर्य विकर्तन सर्वसुख प्राप्ति दीक्षा ग्रहण करें, जिससे आप अपने जीवन में आ रही प्रतिकूल परिस्थितियों का निवारण होगा। दीक्षा न्यौ. ₹ 2100/-

**07 से 13 जनवरी तक**-संघर्ष के पश्चात् नवीन कार्य सम्पन्न होने की संभावना है। साक्षात्कार, मीटिंग्स, सम्मेलन में व्यस्तता रहेगी। खयाली पुलावों पर दृढ़ता से रोक लगायें। आप स्वयं के अधिकारों को सुरक्षित रखने में नाकामयाब हो सकते हैं। इस समय वाद-विवाद से बचें। विद्यार्थी वर्ग ज्ञानार्जन में व्यस्त रहेंगे।

**14 से 20 जनवरी तक**-आय बढ़ने तथा जीवन के प्रति बेहतर दृष्टिकोण के साथ पारिवारिक जीवन में प्रसन्नता बरसेगी। आप हर अवसर भुनाने की ताक में रहेंगी। मुश्किल हालात का भी पूरे धैर्य से सामना करते हुये उससे उबरने में कामयाब होने के लिये ईश्वरीय चेतना का सहारा लेना इस समय आपके लिये उपयुक्त रहेगा।

**21 से 31 जनवरी तक**-आप लम्बित पड़े कार्यो को तेजी से निपटायेंगे। आप जो कुछ भी करेंगे, उसमें आसानी से आगे बढ़ेंगे। समय लाभकारी रहेगा। भौतिक तथा भावनात्मक स्तर पर आपके जीवन में कुछ बड़े और महत्त्वपूर्ण बदलाव होंगे।

शुभ तिथियां 02,07,11,20

## मीन



दी, दू, दे, दो, चा, ची, झ, त्र

**01 से 06 जनवरी तक**-वर्ष का आरम्भ सुखद व शानदार होगा। आश्चर्यजनक रूप से धन लाभ योग है, तनाव के कारण दाम्पत्य सम्बन्धों में दरार आ सकती है। मन बोझिल रहेगा, स्वास्थ्य स्थिति नाजुक हो सकती है, युवा वर्ग तरक्की करेंगे, वहीं नई नौकरी के लिये किये गये प्रयासों में सफलता मिल सकती है।

**07 से 13 जनवरी तक**-विद्यार्थियों के लिये उपयुक्त समय है। परिवार के लोगों के साथ बेहतर संवाद कायम करें, जिससे आपको नया कार्य प्रारम्भ करने में सफलता मिलेगी, मध्य काल में समय ठीक नहीं है। कहीं से कोई अशुभ समाचार मिलेंगे। इस समय आप कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी न लें, नुकसान हो सकता है, सभी कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न हो सके इस हेतु आप सर्वबाधा निवारक लावण्यता प्राप्ति त्रिकालदर्शी दीक्षा ग्रहण करें। जिससे समस्याओं का शमन होगा। दीक्षा न्यौ. ₹ 1800/-

**14 से 20 जनवरी तक**-कार्य की शुरूआत अवश्य धीमी रहेगी, किन्तु कार्य में गम्भीरता के कारण कार्य के पूर्ण होने की संभावना अधिक रहेगी। ग्रहों की स्थितियां डांबाडोल होंगी, जिससे स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना होगा। व्यापार पर भी इसका असर पड़ सकता है अतः इस समय आप किसी भी नये काम को करने से बचे।

**21 से 31 जनवरी तक**-परिश्रम और मेहनत रंग लायेगी। काम-काज में सहकर्मी व बॉस आपकी मदद करेंगे। इस समय पति-पत्नी में किसी कारणवश कलह हो सकती है, अतः आप अपने क्रोध पर नियंत्रण रखे, माह के अन्त में समय बहुत खराब है, किसी दुर्घटना की आशंका है। सावधानी बरतें, बच्चो को वाहन से दूर रखें।

शुभ तिथियां 14,19,21,24